## पेज 92

**प्रश्न 1:**

जीवों के वर्गीकरण के लिए सर्वाधिक मूलभूत लक्षण क्या हो सकता है?

(a) उनका निवास स्थान

(b) उनकी कोशिका संरचना

**उत्तर 1:**

जीवों के वर्गीकरण के लिए उनकी कोशिका संरचना सर्वाधिक मूलभूत लक्षण होता है। कोशिका संरचना के आधार पर सम्पूर्ण जीवों के दो वर्गो में बाँटा गया है:

- प्रोकैरियोटी (असीम केन्द्रकीय)
- यूकैरियोटी (ससीम केन्द्रकीय)

**प्रश्न 2:**

जीवों के प्रारंभिक विभाजन के लिए किस मूल लक्षण को आधार बनाया गया?

**उत्तर 2:**

जीवों के प्रारंभिक विभाजन के लिए उनके निवास स्थान को वर्गीकरण का आधार बनाया गया।

**प्रश्न 3:**

किस आधार पर जंतुओं और वनस्पतिओं को एक – दूसरे से भिन्न वर्ग में रखा जाता है?

**उत्तर 3:**

निम्नलिखित आधारों पर जंतुओं और वनस्पतिओं को एक – दूसरे से भिन्न वर्ग में रखा जाता है:

- कोशिकीय संगठन के आधार पर
- कोशिका भित्ति के आधार पर
- पोषण क्रिया के आधार पर